सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस नोट दिनांक 26.03.2025

अपराध नियंत्रण की दिशा में कार्य करते हुये इटावा पुलिस द्वारा 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

कब्जे से 01 मोटर साइकिल पल्सर, 01 तमंचा 315 बोर, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 तमंचा 12 बोर व 03 जिन्दा कारतूस 12 बोर किये गये बरामद।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण इटावा के मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी सैफई इटावा के कुशल नेतृत्व में थाना सैफई पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही

घटना/गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं वाँछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 26.03.2025 को थाना सैफई पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत प्रेम नगर हैवरा पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि 02 व्यक्ति मोटरसाइकिल से ग्राम सैफई से हैवरा बाईपास की ओर आ रहे है। जिनके पास अवैध हथियार है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना सैफई पुलिस द्वारा **02 व्यक्तियों को ग्राम सैफई जाने वाले रास्ते से समय 03.10 बजे सुबह** गिरफ्तार किया गया।

पुलिस पूछताछः-

पकड़े गये व्यक्तियों से पुलिस टीम द्वारा नाम पता पूछते हुये उनकी तलाशी ली गयी तो पंकज कुमार के कब्जे से 01 तमंचा 12 बोर, 03 जिन्दा कारतूस एवं विमलेश कुमार के कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर, 01 जिन्दा कारतूस बरामद किया गया।

उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना सैफई पर मु0अ0सं0 62/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है।

बरामद मोटर साइकिल को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त-

01. पंकज कुमार पुत्र विशंभर सिंह निवासी ग्राम नगला सिसिया थाना सैफई जनपद इटावा **उम्र 27 वर्ष**
02. विमलेश कुमार पुत्र श्री सुभाष चंद्र निवासी नगला शिसिया थाना सैफई जनपद इटावा **उम्र 29 वर्ष**

पंजीकृत अभियोग-

1. मु0अ0स0 62/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सैफई जनपद इटावा।

आपराधिक इतिहास

अभियुक्त पंकज पुत्र विशंभर सिंह

1. मु0अ0स0 242/23 धारा 336/504/506 भादवि थाना सैफई जनपद इटावा।
2. मु0अ0स0 245/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सैफई जनपद इटावा।
3. मु0अ0स0 62/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सैफई जनपद इटावा।

अभियुक्त विमलेश

1. मु0अ0स0 62/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सैफई जनपद इटावा।

बरामदगीः-

1. 01तमंचा 315 बोर
2. 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर
3. 01 तमन्चा 12 बोर
4. 03 जिन्दा कारतूस 12 बोर
5. 01 मोटर साइकिल पल्सर **(अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज)**

पुलिस टीम- निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा प्रभारी थाना सैफई, उ0नि0 रवीन्द्र कुमार निषाद, उ0नि0 मोहनवीर सिंह, का0 संदीप कुमार, का0 महेश कुमार, का0 अनिकेत, का0 अनुराग कुमार, का0 सुमित कुमार।